NEWS CLIPPING: 21.02.2020

PUNJAB KESARI.COM

इनोवेटिव आइडिया के लिए स्टूडेंट हुए सम्मानित

फरीदाबाद, राकेश देव(पंजाब केसरी): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग की स्टूडेंट टीम 'स्मार्ट टी' ने पर्यावरण चुनौती एवं समाधान विषय को लेकर इनोवेटवि आइडिया के लिए 2.5 लाख रुपये का पुरस्कार जीता है। यह पुरस्कार विश्वविद्यालय के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के स्टूडेंट भारत पंत तथा हर्ष शर्मा को रश्मि चावला की देखरेख में बनाये उनके प्रोजेक्ट के लिए मानव रचना इंस्टीट्यूट आफ रिसर्च एंड स्टडीज, फरीदाबाद एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली द्वारा पर्यावरण चुनौति एवं समाधान विषय पर आयोजित अंतराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा प्रदान किया गया। इस सम्मेलन के दौरान इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग की एक अन्य टीम ने 21 हजार रुपये नकद का तीसरा पुरस्कार जीता। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विजेता विद्यार्थियों तथा टीम के साथ जुड़े फैकल्टी सदस्यों को उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी है।

पंजाब केसरी Fri, 21 February 2020
mpaper.punjabkesari.com/c/49

NEWS CLIPPING: 21.02.2020

NAVBHARAT TIMES

वाईएमसीए में 17 नए कर्मियों की हुई भर्ती

■ एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद

जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी में 17 नए कर्मचारियों की भर्ती हुई। इनमें असोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर, लैब असिस्टेंट, क्लर्क शामिल हैं। इन कर्मचारियों के लिए गुरुवार को ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के निदेशक डॉ. हरिओम की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवनियुक्त कर्मचारियों का स्वागत करना व उन्हें यूनिवर्सिटी की सुविधाओं, प्रशासनिक व शैक्षणिक प्रणाली और विश्वविद्यालय के नियमों से परिचित कराना था। इस मौके पर यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने कहा कि कर्मचारी यूनिवर्सिटी की गुणवत्ता व मानदंड बनाए रखें। इस दौरान डॉ. संदीप ग्रोवर, डॉ. राजेश अहूजा, डॉ. मनीषा गर्ग, डॉ. राजीव कुमार, सचिन गुप्ता, डॉ महेश चंद, डॉ. शैलेंद्र गुप्ता, डॉ. साक्षी कालरा समेत कई लोग मौजूद रहे।